RIMS LAST WEEK E-NEWS

August 11-17, 2024

VOLUME 01| ISSUE 09

August 11-17, 2024

RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

स्वतंत्रता दिवस पर रिम्स निदेशक ने किया झंडोतोलन

RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतंत्रता दिवस पर रिम्स में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ राजकुमार ने कहा कि, "हम विभिन्नता वाले देश हैं, हम विभिन्नता में रहकर भी एक मुट्ठी में रहते हैं और देश के बारे में सोचते हैं।"

उन्होंने कहा, “रिम्स में कार्य करने वाले सभी चिकित्सकों व अन्य कर्मियों को उनका हक दिया जाएगा लेकिन उसके पश्चात सभी को संस्थानहित में कार्य करना होगा ताकि रिम्स को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है|”

RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

JDA की रिम्स प्रबंधन से मांगें

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर रिम्स के जूनियर चिकित्सक हड़ताल पर हैं| उन्होंने रिम्स प्रबंधन को मांगपत्र सौंपा है और निम्न मांगे रखी हैं:

1) कॉलेज परिसर को अस्पताल परिसर से पूरी तरह अलग किया जाए, किसी भी अनजान और बाहरी लोगों का प्रवेश निषेध हो और रिम्स का आई-कार्ड दिखाए बिना प्रवेश न दिया जाए।

2) सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए और अस्पताल के संवेदनशील क्षेत्र जैसे कि आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर, ICU, SSICU, सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, शैक्षणिक भवन और पुस्तकालय इत्यादि में हथियारों के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं।

3) पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए और इनकी नियमित निगरानी हो।

August 11-17, 2024

RIMS LAST WEEK

E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

JDA को रिम्स निदेशक का आश्वासन

रिम्स के जूनियर चिकित्सकों (JDA) की मांगो को लेकर निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने कहा है कि संस्थान में कार्यरत सभी चिकित्सकों को सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना प्रबंधन की प्राथमिकता है| उन्होंने कहा कि, "जूनियर डॉक्टरों की वास्तविक मांगें जल्द ही पूरी की जाएंगी व कई मांगें ऐसी मांगें हैं जो पहले से ही प्रक्रियाधीन हैं जैसे कि परिसर में सभी जगह चरणबद्ध तरीके से कुल 1200 CCTV लगाए जा रहे हैं| साथ ही रात्रि ड्यूटी में काम करने वाले रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए वार्डों और इमरजेंसी में अलग कमरा, शौचालय एवं पीने का पानी का भी प्रावधान किया जा रहा है| इसके अलावा परिसर में जगह जगह स्ट्रीट लैंप भी लगाए जायेंगे एवं प्रबंधन ने DGP झारखण्ड पुलिस से परिसर में 2 पुलिस पिकेट बनाने के साथ सशस्त्र बल तैनात करने का आग्रह किया है|"

August 11-17, 2024

RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

रांची SSP ने की चिकित्सकों से मुलाकात

रांची SSP श्री चंदन सिन्हा ने सभी चिकित्सकों को प्रशासन की ओर से उचित सहयोग एवं सुरक्षा मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कैंपस में पुलिस पैट्रोलिंग के लिए टीम का गठन किया जाएगा, साथ ही चिकित्सक 112 पर फोन कर के शिकायत दर्ज कर सकते हैं जिस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रिम्स परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पुलिस बल की मदद ली जायेगी।

August 11-17, 2024

RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हमले की कड़ी निंदा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में आपराधिक तत्वों द्वारा हमले पर रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा कि, "पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में जो जूनियर महिला चिकित्सक के साथ हुआ वो दारिंगदगी की पराकाष्ठा है। देश के डॉक्टर भय में थे और शांति से विरोधप्रदर्शन कर रहे थे और साथ इमरजेंसी सेवाएं भी दे रहे थे की खबर आई की कुछ मदमस्त, नकारात्मक लोगों ने वहशी कातिल को बचाने के लिए चिकित्सकों में ही दहशत फैला दी। यदि इस तरह देश चलेगा तो चिकित्सकों को भी सोचना पड़ेगा की वो अपना बचाव कैसे करें। पश्चिम बंगाल की सरकार से मेरा आग्रह है कि तुरंत ही न्याय व्यवस्था को दुरुस्त करें और इस तरह के आपराधिक तत्वों की पहचान करके विधिसंगत कार्रवाई शुरू करें साथ ही अपराधी/अपराधियों को जल्द ही कानून के घेरे में लाएं। यदि न्याय ही नहीं रहेगा तो समाज कैसे चलेगा।"

RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 09

रिम्स में इमरजेंसी सेवा जारी

जूनियर चिकित्सकों द्वारा हड़ताल पर रहते हुए भी रिम्स में इमरजेंसी सेवाएं एवं भर्ती मरीज़ों की आवश्यक जांच की सेवा जारी है| रिम्स के सेंट्रल लैब में 12 से 16 अगस्त 2024 तक 13,024 जांचें हुई है|

क्लर्क निलंबित

रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने रिम्स में कार्यरत विभिन्न एजेंसी के ससमय भुगतान के लिए सभी विभागों को मासिक बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के अवहेलना मामले में निदेशक ने किचन में कार्यरत क्लर्क आनंद कच्छप को अगले आदेश तक के लिए सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन को क्लर्क आनंद पर फाइलों को विलंब से प्रोसेस करने की शिकायत मिली थी जिसके पश्चात उसे सस्पेंड करने के निर्णय लिया गया है व अन्य अनियमिताओं की जांच के आदेश दिए हैं।

RIMS LAST WEEK

E-NEWS

रिम्स से जुड़ी सही खबरों के लिए रिम्स के **Facebook**, **X** (formerly Twitter) और **Youtube Channel** से जुड़ें|

Facebook: @Rims Ranchi

X: @ranchi_rims

YouTube: @rimsranchi3365